नाबालिग बहनों के अपहरण मामले में उत्तराखंड का गैंगस्टर गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के माता का थान इलाके में गत 16 नवंबर को नाबालिग सहित उसकी बहन के अपहरण के केस में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए उत्तराखंड के एक गैंगस्टर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों बहनों को भोपाल की एक होटल से दस्तयाब किया है। आरोपी ओलो ऐप से दोस्ती कर दोनों बहनों को फांसने के बाद उनके ही घर में 20-25 दिनों तक रहा। 16 नवंबर को अपहरण कर ले गया। मामला सामने आते ही एक्टिव हुई कमिश्नरेट की स्पेशल टीम और माता का थान पुलिस ने भोपाल से अपराधी को धर दबोचा। उसे पकड़ कर जोधपुर लाई है। अब तक की जांच में सामने आया कि अपराधी चार हत्या के प्रकरणों में शामिल रहा है। उसका और भी आपराधिक रिकार्ड जांचा जा रहा है।

पुलिस उपायुक्त पूर्व डॉ. अमृता दुहन ने आज शाम माता का दान पुलिस थाने पत्रकार वार्ता में घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गत 16 नवंबर को दो बहनों के अपहरण किए जाने के संबंध में मामला दर्ज हुआ था। जिसमें एक बहन नाबालिग थी। इस पर पुलिस ने अपहरण एवं पॉक्सो में केस दर्ज करते हुए गंभीरता से लिया।

कमिश्नरेट पुलिस के साथ साइबर टीम जुटी

डीसीपी डॉ. दुहन ने बताया कि आरंभिक पड़ताल में सामने आया कि पीड़ित परिवार के घर में एक व्यक्ति आकर रूका था। जिसने अपना नाम इनको अंशु राजपूत होना बताया। मगर बाद में पता लगा कि उसने एक अपनी एक फर्जी आईडी से नाम विवेक प्रजापत होना भी रखा है। मामला गंभीर प्रकृति का लगने पर पता लगाया गया। पुलिस की टीमों ने बहनों सहित आरोपी का पता लगाने के लिए टीमों को बाहर भेजा। इसी दौरान पता लगा कि वह अजमेर में किशनगढ़ में है। मगर फिर पता लगा कि वह भोपाल में है तथा एक होटल में ठहरा हुआ है। इस पर भोपाल डीसीपी क्राइम से बात कर उन्हें अवगत कराया गया। भोपाल पुलिस की मदद से आरोपी को एक होटल से डिटेन कर लिया गया। साथ में दोनों बहनों को होटल से दस्तयाब किया गया।

बड़ा गैंगस्टर, चार हत्याओं में शामिल

डीसीपी डॉ. दुहन ने बताया कि आरोपी उत्तराखंड के गिरीताल कॉलोनी के रहने वाले हितेंद्र कुमार को पकड़ा गया है। अब तक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चार हत्याओं के केस में शामिल रहा है। दो में तो नामजद रहा है। वर्ष 2005 में संत ज्ञानेश्वर में एके 47 से हत्या के केस में शामिल रहा है साथ ही वर्ष 2007 में फरीदकोट में भी हत्या के केस में शामिल पाया गया। साल 2012 में उसकी पत्नी लापता हो गई थी। जिसके पीहर पक्ष ने भी ने उस पर हत्या किए जाने की आशंका जताई है, जिस पर अभी जांच लंबित है।

डीसीपी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या प्रयास, लूट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज है। वह हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में बड़ी वारदातों में शरीक रहा। माता का थान केस में सामने आया कि वह ओलो पार्टी ऐप चलाता है जिससे वह परिवार की लड़कियों से संपर्क में आया। साथ ही दोस्ती कर घर तक दस्तक दे दी।

'अंजान से दोस्ती ना करें'

डीसीपी डॉ. अमृता दुहन ने आमजन से विशेष कर लड़कियों या महिलाओं से अपील की है कि सोशल मीडिया से अंजान व्यक्ति से दोस्ती ना करें ना ही उन्हें अपने बारे में बताए। बैंक खाता संबंधी जानकारी भी साझा ना करें। साथ ही ऑनलाइन ट्रांजेक्शन जैसी बातों से बचें। खुद अपनी सुरक्षा कर बुरी कार्यों से बच कर रहे।

परिवार को दिया था नौकरी और पैसों का लालच

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने पीड़ित परिवार के लोगों से दोस्ती गाढ़ने के साथ पैसों का लालच दिया और नौकरी दिलाने की बात की। खुद को बड़ा आसामीं बताया था।

लड़कियों को बुरे कामों में धकेल अय्याशी करता

गैंगस्टर बड़ा शातिर है। वह कमजोर महिलाओं या लड़कियों से दोस्ती करता और फिर उसका फायदा उठाकर बुरे कामों में धकेल कर उनके पैसों से अययाशी करता है।

दीपावली के पास आया फिर गया

जांच में पता लगा कि आरोपी दिपावली के आसपास आया था। फिर 8 नवंबर को चला गया और फिर 16 नवंबर को लौटा और लड़कियों का अपहरण कर ले गया। अब उसके खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित कई अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

राव चन्द्रसेन की स्मृति में समारोह 4 दिसम्बर को

जोधपुर, (कासं)। स्वतन्त्रता के पोषक, जीवनपर्यन्त स्वाधीनता के लिए संघर्ष करने वाले राव चन्द्रसेनजी की छतरी का प्रतिष्ठा लोकार्पण समारोह सोजत रोड स्थित सारण के महाकालेश्वर मंदिर में 4 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे पूर्व शासक गजसिंह करेंगे।

वीर दुर्गादास राठौड स्मृति समिति के अध्यक्ष जगतसिंह राठौड ने बताया कि राव चन्द्रसेनजी मध्यकालीन भारत के प्रतापी शासक मेवाड के महाराणा प्रताप के अग्रज और उनके प्रेरणा स्त्रोत माने जाते हैं, जिन्होंने कभी मुगल शासक अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और न ही अपने घोडों पर शाही दाग लगने दिया। राव चन्द्रसेनजी का स्वर्गवास सचियाय (सारण) गांव में वि.सं. 1637 की माघ सुदी सप्तमी को हुआ था, जिस स्थान पर इनकी दाह क्रिया की गई थी, उसी स्थान पर इनकी एक देवली स्थापित की गई थी। उसी देवली पर भव्य छतरी का निर्माण किया गया है।

वर्ष 2019 में 478वीं जयन्ती पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व शासक गजसिंह ने वीरवर राव चन्द्रसेनजी के सारण गांव में स्थित देवली पर छतरी निर्माण की घोषणा की थी। इसके तहत वीर दुर्गादास राठौड स्मृति समिति के अध्यक्ष जगतसिंहजी राठौड को जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के अधीन वीरवर राव चन्द्रसेन स्मारक समिति का गठन किया गया। वर्ष 2020 व 2021 में कोरोना महामारी के कारण यह कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका था।

तत्पश्चात् वर्ष 2022 डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर के निर्देशन में जनवरी माह में यहाँ कार्य प्रारम्भ किया गया और नवम्बर के द्वितीय सप्ताह में छतरी और इसके आस-पास के सौन्दर्यकरण का कार्य पूर्ण किया गया। 4 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे होने वाला आयोजन पूर्व शासक गजसिंह के मुख्य आतिथ्य एवं मारवाड के संतों के सानिध्य में किया जायेगा और वीरवर राव चन्द्रसेनजी की छतरी पर पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धांजलि अर्पित कर यह छतरी आमजन को सुपुर्द की जायेगी। छतरी का निर्माण वीर दुर्गादास राठौड स्मृति समिति जोधपुर, राव चन्द्रसेन स्मृति संस्थान बांदनवाडा व जन सहयोग से पूर्ण किया गया। छतरी का निर्माण गजधर अशोक माकड ने किया।

इस आयोजन में पाली, सोजत, जालोर, जोधपुर, जयपुर, कोटा, नागौर, मारवाड जंक्शन के साथ ही राव चन्द्रसेनजी के वंशज जो अजमेर जिले के भिणाय, बांदनवाडा, देवलिया, वघेरा, बडली, गोयला, अमरगढ, पाडलिया और केरोट सहित इत्यादि स्थानों से उपस्थित होकर राव चन्द्रसेनजी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

सार-समाचार

गर्भपात कराने का केस दर्ज

जोधपुर, (कासं)। शहर के सरदारपुरा 12वीं सी रोड की रहने वाली एक महिला ने अपने पति और महिला डॉक्टर पर उसका गर्भपात करने एवं कूट रचित दस्तावेज बनाने का आरोप लगाते हुए कुड़ी थाने में इसकी रिपोर्ट दी है। महिला का आरोप है कि शादी के दो माह बाद उसके गर्भ ठहरा था। मगर ससुराल वाले पैसों की डिमाण्ड के चलते उसका गर्भपात करवा दिया। इसमें महिला डॉक्टर भी शामिल रही। फिलहाल पुलिस ने धोखाधड़ी एवं गर्भपात में केस दर्ज किया है। जांच की जा रही है। कुड़ी पुलिस ने बताया कि सरदारपुरा 12वीं रोड की रहने वाली कंचन सिंधी ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी शादी गुजरात के जाम नगर निवासी चिराग सिंधी के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल के लोग पैसों की डिमाण्ड करने लगे। वह शादी के बाद गर्भवती हुई थी। मगर ससुराल के लोग जिनमें उसका पति चिराग आदि ने मिलकर गर्भपात करवा दिया। इसमें एक महिला डॉक्टर बिंदू सांईनाथ ने भी उसका साथ दिया। बिंदू सांईनाथ ने उसे गर्भ गिराने की गोली को सोची समझी साजिश के तहत दिया था। महिला डॉक्टर बिंदू सांईनाथ ने सोची समझी साजिश के तहत बी फार्म तैयार करवाया। उसने अपने लेटपेड पर भी कोई गोली जिक्र नहीं किया था। बावजूद इसके उसे गर्भपात की गोलियां दे दी गई, जिससे उसका गर्भ गिर गया। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है।

लर्निंग जोन एकेडमी शुरू

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने हाई कोर्ट कॉलोनी के सामने करणी बाग में लर्निंग जोन एकेडमी स्कूल का शुभारंभ किया। जस्टिस भाटी ने इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय के टीचर मेहनत करें और बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देवे ।विशिष्ट अतिथि सरोजिनी कुमारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कार और शिक्षा छोटे बच्चों को शुरू से ही बेहतर तरीके से दी जाए तो जीवन में कभी उनके बाधाएं नहीं आती है। इस अवसर पर शेरगढ विधायक मीना कंवर , उम्मेद सिंह चौरडिया ,एडिशनल एसपी नाथू सिंह भाटी ,कर्नल नारायण सिंह इंदा , राघवेंद्र प्रताप सिंह झालामंड ,आर के सिंह, गजराज सिंह ,गजेंद्र सिंह,किशोर सिंह राठौड, राम सिंह चारण, राजेन्द्र सिंह लीलिया ,करणी बाग विकास समिति के अध्यक्ष देवेंद्र बोडा , करण सिंह , विक्रम सिंह ,वीरेंद्र सिंह शेखावत,सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रारंभ में जस्टिस भाटी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल हेड तिलोत्तमा राठौड व डिप्टी हेड मोनिका शेखावत ने अतिथियों का स्वागत किया व विद्यालय के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में संस्कार युक्त शिक्षा दी जायेगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय अंग्रेजी माध्यम केजी से प्रेप तक के बच्चों के लिए संचालित होगा। भाटी ने विद्यालय का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन संजना सिंह ने किया। आभार मोनिका शेखावत ने व्यक्त किया।

भंवरसिंह खींची जिलाध्यक्ष बने

जालोर, (कासं)। राजस्थान ग्रेनाइट माइनिंग एसोसिएशन जालोर के चुनाव बुधवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित हुए। जिसमें जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए। प्रदेशाध्यक्ष भवानीसिंह धांधिया ने बताया कि इस दौरान मौजूद पदाधिकारियों व सदस्यों की सर्वसम्मति से भंवरसिंह खींची, डायमंड ग्रेनाइट माइंस कंवला को जालोर जिलाध्यक्ष बनाया गया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष खींची ने एसोसिएशन का आभार जताते हुए कहा कि वह एसोसिएशन के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से उद्योग के विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का आव्हान किया इस दौरान मौजूद वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंबिका मिश्रा, जनरल सेक्रेटरी बजरंग जांगिड, उपाध्यक्ष रामनिवास चौधरी, कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, बाडमेर जिलाध्यक्ष शिव खींचड, सिरोही जिलाध्यक्ष कुलदीप चौधरी, राजेंद्रसिंह कोलीवाडा, माधुसिंह अणगोर, सुरेश चौधरी, भंवर छबरवाल, पीरसिंह बालावत व हीरालाल घांची सहित एसोसिएशन सदस्यों ने खींची का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी।

लौंगेवाला वीर शेखावत का हाल जाना

जैसलमेर, (नि.सं.)। सेना के चिकित्सा अधिकारियों की टीम ने सीमा सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर भैंरोसिंह शेखावत (सेवानिवृत्त) से उनके पैतृक गांव शेरगढ़ जिला जैसलमेर पहुंच कर शिष्टाचार भेंट कर उनके परिवार के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिकित्सा कर्मियों ने सद्भावना के तौर पर उनका और उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। ज्ञात रहे कि भैरोसिंह ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ 4 दिसंबर 1971 की रात लौंगेवाला की लड़ाई में सफलता पूर्वक देश की चौकियों की रक्षा कर शत्रु को भारी क्षति पहुंचाकर उन्हें परास्त कर दिया था। शेखावत ƒको सेना मेडल से अलंकृत किया जा चुका है । सेना के चिकित्सा अधिकारियों के घर आकर स्वास्थ्य जांच करने पर शेखावत ने परिवार सहित खुशी जाहिर कर आभार जताया।

सवा सौ पाक विस्थापितों को नागरिकता

जोधपुर, (कासं)। जिला कलेक्टर ने बुधवार को सौ पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र वितरित किए। इससे उनके चेहरे खिल उठे। इसके लिए उनका दिन पूरी तरह यादगार हो गया। जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने बुधवार को सवा सौ से अधिक पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र वितरित किए। जोधपुर सूचना केन्द्र में पाक विस्थापितों के लिए संचालित केन्द्र में उन्हें नागरिकता प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर-प्रथम) डॉ. भास्कर विश्नोई तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

युवक की मूंछे व बाल काटे

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के निकटवर्ती खारडा भांडू में युवक की मूंछे और बाल काटने जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने हालांकि अभी तक पुलिस के पास में उपस्थित होकर कोई रिपोर्ट नहीं दी है। मगर युवक जिस घर में परिचित से मिलने गया उसके पड़ौसियों को मिलना नागवार लगा और बाल मूंछे काट डाले। पुलिस ने फिलहाल किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। एक महिला ने अपने पड़ौसियों के खिलाफ लज्जा भंग की रिपोर्ट दी है।

फर्जी अकाउंट से गबन के मामले में एक गिरफ्तार

जालोर, (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को जालोर सहकारी नागरिक बैंक में फर्जी अकाउंट खोलकर चैक से राशि गबन करने का मास्टर माइंड गिरफ्तार कर अन्य आरोपीयों की तलाश शुरु की।

जालोर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनियां व जालोर कोतवाली थानाधिकारी अरविन्द कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा फर्जी अकाउंट खोलकर चैक से राशी गबन के प्रकरण में मुख्य आरोपी आरीफ एन रसीक (50) पुत्र निजामुदीन जाति मुसलमान निवासी अंजुमन कॉलोनी जालोर हाल ब्यावर जिला अजमेर को प्रकरण में गिरफतार किया जाकर आरोपी के कब्जे से गबन की राशी 4 लाख रूपये बरामद किये गये। प्रकरण में गहन अनुसंधान जारी है।

प्रार्थी किशनलाल पुत्र रामचन्द्र जाति जाट निवासी लक्ष्मीनगर रेल्वे स्टेशन रोड जालोर द्वारा पेश रिपोर्ट में बताया कि 23 सितम्बर 2022 को औद्योगिक तृतीय चरण जालोर में जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. में रुपये जमा करवाने गया, तब वहां एस.बी.एकाउण्ट सं.-250 का स्टेटमेन्ट मांगा तो पता चला कि खाते से 8,60,000/- रुपये चैक से ट्रांसफर 03 जुन 2022 को हीरा पुत्र भीमाजी के खाता में उक्त रकम जमा की गई। वगैरा रिपोर्ट पर पुलिस थाना कोतवाली में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। प्रकरण में अनुसंधान किया तो ज्ञात हुआ कि 30 मई 2022 को हीरा पुत्र भीमा निवासी 156 मेघवालो की गली जाखोडा जिला पाली के नाम से खाता खोला गया। हिरा पुत्र भीमा एक शराबी प्रवृति का व्यक्ति होना पाया गया, उक्त हिरा से अनुसंधान किया गया, मगर उक्त हिरा द्वारा खाता नहीं खोला जाना पाया गया। तत्पश्चात तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अनुसंधान किया गया। एटीएम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा पैसे निकालने के स्थानों के बीटीएस एवं अज्ञात आरोपी द्वारा खाता खुलवाने हेतु पैन कार्ड बनवाने सम्बधी डाटा एनएसडीएल ई जीओवी. से प्राप्त किया जाकर प्रकरण में मुख्य आरोपी एवं मास्टर माईंड आरीफ एन रसीक (50)पुत्र निजामुदीन जाति मुसलमान निवासी अंजुमन कॉलोनी जालोर हाल ब्यावर जिला अजमेर की पहचान कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

शिक्षक संघ के धरने की तैयारी पर चर्चा की

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से 25 नवम्बर 2022 को एक दिवसीय धरना दिया जाएगा।

संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम सोनी ने बताया कि यह धरना शिक्षकों की समस्याओं को लेकर प्रदेश स्तरीय ध्यान आकर्षण धरना शहीद स्मारक जयपुर पर होगा, इसके लिए जिला मुख्यालय पर बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा और जिला मंत्री रतनलाल बारूपाल ने बताया कि शिक्षकों में व्याप्त असंतोष निरकाकरण के लिए सम्मेलन का आयोजन नही कर यह धरना दिया जा रहा है टीएसपी सहित तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण, नये नियमों के मकड़जाल से दो वर्ष से नियमित डीपीसी नहीं ,गैर शैक्षिणक कार्यों में लगानें, विशेष शिक्षा का अलग कैडर, खेमराज कमेटी लागूं कर केन्द्र के समान वेतन भत्ते, माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न रिव्यू, शिक्षकों को ठाामीण भत्ता, नवक्रमोन्नत विद्यालयों में अनिवार्य विषय पद, शिक्षकों का स्थायीकरण, संस्कृत शिक्षा सेवा नियम 2018 की समीक्षा, कर्मचारी कल्याण बोर्ड का गठन आदि मांगो के लिए दिया जाएगा।जिला महिलाध्यक्ष निलिमा अचलावत,जिला महिला मंत्री हिम्मत पटेल,प्रदेश प्रतिनिधि संध्या दवे ने नवक्रमोन्नत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पीटीआई की पोस्ट देने की मांग की, उल्लेखनीय है कि क्रमोन्नित के आदेश में पीटीआई और उच्च प्राथमिक विद्यालय की संस्था प्रधान को उसी विद्यालय समायोजन के लिए लिखा होने के बाद भी अभी तक आदेश जारी नहीं किए गये,जिससे उनके वेतन आहरण की समस्या आ रही है । कोषाध्यक्ष दलपत राज राकावत उपाध्यक्ष कानसिंह खैरवा ने शैक्षिक सम्मेलन के दिनों में शिक्षकों को बी एल ओ के कार्य से मुक्त करने की मांग की। प्रयोगशाला प्रदेश प्रतिनिधि नरेशचंद्र बोहरा ने प्रयोगशाला सहायकों की वेतन विसंगति दूर करने की मांग की। संगठन के मिडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता विक्रम सिंह परिहार अधिकाधिक संख्या में धरना स्थल पर जाने के लिए शिक्षकों से सम्पर्क कर रहे हैं।

युवक का पत्थर से पैर तोड़ा

जोधपुर, (कासं)। नगर निगम दक्षिण में काउ केचर कार्यालय में एक युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है।

इस बारे में रातानाडा थाने में हत्या प्रयास में केस दर्ज करवाया गया। फिलहाल जांच की जा रही है। रातानाडा पुलिस ने बताया कि विश्रोई धर्मशाला के पीछे रहने वाले राकेश पंडित पुत्र कैलाश पंडित ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि नगर निगम दक्षिण के काउ केचर कार्यालय में काली और उसके साथियों ने मारपीट की और उसके पैर पर पत्थर दे मारा।

नाम परिवर्तन

मैं ममता कुमारी पुत्री सोमेलाराम पत्नी हिम्मताराम जाति देवासी उम्र 20 वर्ष निवासी तखतगढ़ तह. सुमेरपुर जिला पाली हर आम व खास को सूचित करती हूँ कि दस्तावेजो में मेरा नाम ममता है, व धरेलु नाम मेरा ममता कुमारी है, दोनो नाम की मैं स्वयं एक ही महिला हूँ। दोनो नाम मेरे स्वयं के ही है। तथा उक्त दोनो नाम से ही मुझे जाना व पहचाना जाता है।

ममता

बिजली विभाग ने सुमेरपुर पालिका के कई कनेक्शन काटे

- **करीब 80 लाख रूपए बकाया होने के चलते नगरपालिका के करीब कई टंकियों के बिजली कनेक्शन काटे**

सुमेरपुर, (निसं)। आमजन को पेयजल की सुविधा के लिए सुमेरपुर नगरपालिका क्षेत्र में स्थापित हैण्डपम्पो को हटाकर इलेक्ट्रीक मोटर स्थापित कर बिजली विभाग से कनेक्षन लेकर आमजन को राहत प्रदान की थी। लेकिन यह राहत कुछ सालों तक ही आमजन को मिली। क्यूंकि नगरपालिका प्रषासन ने बिजली विभाग के करीब 80 लाख रूपए बकाया होने के चलतें नगरपालिका के करीब 110 टंकियो से बिजली कनेक्शन काट दिए।

बिजली विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि नगरपालिका को पिछले दो महिनों से लगातार पत्र के माध्यम से बिजली बकाया जमा कराने के लिए आग्रह किया था, लेकिन पालिका प्रशासन ने किसी भी प्रकार का कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने के कारण उच्चाधिकारियों की सहमति से पालिका के करीब 110 कनेक्शन काटें है और आगे भी कार्रवाई जारी है। ईओ का पद रिक्त, बावजूद काटे कनेक्शन - बिजली विभाग के कार्मिको ने भी आमजन को पेयजल के लिए राहत देने के लिए कनेक्शन तब काटे। जब ईओ प्रकाश डूडी को विभाग ने एपीओ कर दिया। बिजली विभाग ने उनके पद पर रहते हुए बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई नहीं की। वर्तमान में ईओ का पद खाली होने के चलतें किसी ईओ का चार्ज असमंजस स्थिति में है।

नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 व 2 जाखानगर में पालिका की करीब 10 टंकिया लगाई गई थी। उक्त क्षेत्र कच्ची बस्ती होने के कारण यहां गरीब तबके के लोग निवासरत है। जिनके घरो में पानी का कनेक्शन नहीं होने के चलतें नगरपालिका प्रशासन की ओर से करीब 10 हैण्डपम्पो को हटाकर वहां इलेक्ट्रिक मोटर स्थापित कर बिजली विभाग के कनेक्शन लेकर आमजन के लिए पेयजल की व्यवस्था शुरू की थी। अब पालिका प्रशासन द्वारा पिछले लम्बे समय से बिजली का बिल भुगतान नहीं करने पर बिजली विभाग ने उक्त टंकियो से बिजली कनेक्शन काट दिए। जिससे आमजन को पेयजल के लिए खासी परेशानी हो रही है। वहीं उक्त क्षेत्र के वासिन्दों ने बताया कि अगर बिजली कनेक्शन का बिल बकाया चल रहा है तो पालिका को मोटरे ही नहीं लगानी थी हम हैण्डपम्प से ही पानी भर लेते।

नगरपालिका सुमेरपुर की अध्यक्ष उषा कंवर ने बताया कि वर्तमान में पालिका में फण्ड नहीं है, राज्य सरकार ने चुंगी नाका मद का करीब एक करोड़ नहीं उपलब्ध कराया है।

मैने बिजली विभाग के एसई से निवेदन किया है कि जल्द ही बकाया भुगतान आपको कर देगें। शाम तक दोबारा कनेक्शन हो जाएगें। डिस्कॉम सुमेरपुर के एईएन अशोक कुमार मीणा ने बताया कि नगर पालिका के करीब 80 लाख बकाया होने चलतें उच्चाधिकारियों से सहमति लेकर कार्रवाई की गई है।

लिखमीदास संस्थान का समारोह 1 से 5 दिसंबर तक

जालोर, (कासं)। संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा, नागौर के तत्वावधान में छठे पाटोत्सव के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रमों बडा रामद्वारा के संत रामप्रसाद जी महाराज के सानिध्य , स्मारक विकास संस्थान के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत की अध्यक्षता में 1 से 5 दिसंबर तक भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

स्मारक विकास संस्था के ट्रस्टी नाथू सोलंकी ने बताया कि इस अवसर पर माली (सैनी) समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह भी होगा। जिसमें मेडिकल व आयुर्वेद शिक्षा उत्तीर्ण समाज बंधु, नेट जेआरएफ, आईआईटी, आईआईएम, सी ए उत्तीर्ण करने वाली प्रतिभाओं का भी सम्मान होगा। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार तथा विभिन्न निगम, बोर्ड में चयनित समाज बंधुओं के साथ-साथ राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले समाज बंधुओं का भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। सोलंकी ने बताया कि संस्थान द्वारा एक प्रतिभा मंजूषा का भी प्रकाशन किया जाएगा। इसमें समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के फोटो सहित पूर्ण परिचय के साथ-साथ चयनित समाज बंधुओं, धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले वरिष्ठ समाज बंधुओं के विवरण के साथ साथ संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज के कृतित्व व व्यक्तित्व से संबंधित आलेख तथा संस्थान की विभिन्न गतिविधियों की सचित्र जानकारी भी प्रकाशित की जाएगी। सोलंकी ने बताया कि अमरपुरा संस्थान के कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए संस्थान की वेबसाइट का निर्माण किया गया।

इस वेबसाइट पर संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज की जीवनी, उनके भजन और अपने समाज में हुए विभिन्न समाज सुधारक एवं संतों का विवरण, संस्थान कार्यकारिणी,भूमि समर्पण निधि आदि अनेक विषय इस वेबसाइट के माध्यम से अद्यतन किया जाएगा। सोलंकी ने बताया कि 1व 2 दिसम्बर को अखंड रामायण पाठ होगा जो यज्ञ पूजा व विधि विधान से प्रारंभ होगा। 3, 4 व 5 दिसंबर को नानी बाई का मायरा कथा श्रवण का लाभ प्राप्त होगा।

रामस्नेही संत व बडा रामद्वारा सूरसागर, जोधपुर के महंत परमहंस संत रामप्रसाद महाराज के श्रीमुख से इस कथा श्रवण का पुण्य अवसर प्राप्त होगा। 4 दिसंबर को ही सायं विशाल भजन संध्या आयोजित होगी।

इस भजन संध्या में प्रखर राष्ट्रवादी भजन गायक प्रकाश माली बालोतरा, दिनेश माली नागौर, प्रकाश माली एडवोकेट मुंबई, रमेश माली, राजेश माली, रमेश माली, छगन माली आदि कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि छठे पाटोत्सव कार्यक्रम में गुजरात, महाराष्ट ,आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से माली सैनी समाज के स्वजाति जाती बंधु भाग लेंगे।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN-L65910KL1992PLC006623,
IV/470A (old) W638A(New), Manappuram House,
Valapad, Thrissur, Kerala - 680 567.

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.12.2022 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बाड्मेर, बालोतरा राजस्थान, 135580700012342, 2454, 3195, 3290, 3387, 3416, 3474, 3476, 3655, 3693, 3706, 3751, 3760, 3789, 3797, 3798, 3805, 3811, 3827, 135580730015294, 5360, 5594, 5596, 5601, बाड्मेर, 138040700002336, 2430, 2524, 2546, 2557, 2634, 2640, 2643, 2653, 2659, 2663, 2664, 2665, 2668, 2669, 2672, 2673, 2674, 2679, 2685, 138040730019495, 9772, 138040730020001, 0068, 0189, 0216, 0234, 0682, 0922, 1150, 1151, 1188, 1200, 1215, 1239, 1250, 1260, 1310, 1361, 1391, पालिका बाज़ार नया बस स्टैंड बालोतरा, 138060700002815, 2964, 2967, 2971, 2989, 2991, 2992, 2995, 3013, 3025, 3028, 3030, 3038, 138060730002892, 2901, 2914, 2956, 3108, 3109, 3136, 3142, 3160, 3163, 3170, 3171, 3177, 3188, जोधपुर, आकलीया सर्कल जोधपुर, 114110700039434, 9444, 9448, 9455, 9458, 9478, 9495, 9502, 9510, 9534, 9540, 9573, 9580, 9603, 9629, 9649, 9651, 9667, 9706, 9736, 9737, 9741, 9742, 114110700040090, 0917, 0990, 1058, 1226, 1243, 1308, 1329, 1356, 1413, 1416, 1494, 1563, 1577, 1578, 1638, 1663, 1737, 1752, 1767, 1844, 1866, 1919, 1967, 2130, 2131, 2134, 2140, 2217, 2229, 2243, 2259, 2318, 2341, 2353, 2357, 2365, 2371, 2373, 2378, 2379, 2404, 2428, 2451, 2459, 2471, 2472, 2473, 2492, 2497, 2501, 2503, 2510, 2512, 2536, 2548, 2567, 2569, 2582, 2597, 2606, 2607, 2609, 2616, 2626, 2627, 2632, 2642, 2663, 2665, 2672, 2678, 114110730025421, 5834, 5911, 6039, 6162, 6193, 6205, 6215, 7164, 7618, 7619, 7622, 7819, 8212, 8272, 8277, 8292, 8314, 8327, 8344, 8349, 8361, 8369, 8370, 8390, 8409, 8418, 8434, 8444, 8447, 8466, 8529, 114110780000084, महा मंदिर सर्कल, 123010700031535, 1738, 1761, 1769, 1817, 1882, 1961, 3219, 3701, 3731, 3751, 3779, 3812, 3847, 3876, 3885, 3901, 3906, 3913, 3915, 3925, 3929, 3936, 3984, 3999, 4000, 4011, 4039, 4151, 4245, 4324, 4405, 4425, 4528, 4597, 4619, 4665, 4698, 4726, 4753, 4769, 4775, 4792, 4793, 4799, 4800, 4815, 4827, 4828, 4832, 4850, 4851, 4854, 4856, 4860, 4861, 4888, 4892, 4899, 4912, 4913, 4920, 4921, 4923, 4925, 4928, 4931, 4940, 4945, 4960, 4961, 4964, 4966, 4972, 4975, 4977, 4979, 4985, 4997, 5019, 5022, 5024, 5029, 5050, 5055, 5058, 5059, 5063, 5067, 5068, 5069, 5084, 5085, 5086, 5087, 5088, 5089, 5104, 5120, 5123, 5138, 123010730034475, 6489, 6490, 6514, 6752, 6783, 6789, 6806, 6899, 6912, 6980, 6989, 6993, 7019, 7135, 7187, 7188, 7189, 7267, 7427, 7454, 7469, 7521, 7588, 7931, 8009, 8038, 8043, 8050, 8066, 8079, 8082, 8092, 8108, 8109, 8110, 8113, 8117, 8136, 8137, 8145, 8158, 8165, 8243, 8268, 123010780000085, फलौदी शाखा राजस्थान, 135610700011542, 1553, 1778, 1784, 1828, 1930, 1942, 1953, 1954, 1995, 2027, 2040, 2050, 2052, 2063, 2095, 2112, 2311, 2527, 2563, 2621, 2714, 2720, 2731, 2768, 2804, 2842, 2910, 2984, 3156, 3209, 3225, 3239, 3303, 3304, 3321, 3327, 3353, 3360, 3361, 3370, 3391, 3402, 3404, 3405, 3419, 3420, 3424, 3437, 3445, 3455, 135610730007943, 8109, 8477, 8525, 8635, सरस्वती नगर जोधपुर, 124320700029229, 9374, 9524, 9766, 9810, 9970, 9987, 9998, 9999, 124320700030009, 0011, 0012, 0033, 0035, 0060, 0069, 0070, 0075, 0091, 0094, 0100, 0113, 0138, 0139, 0142, 0150, 0161, 0186, 0190, 0234, 0236, 0258, 0261, 0633, 0934, 1211, 1450, 1501, 1528, 1551, 1583, 1729, 1818, 1884, 1892, 1895, 1896, 1924, 1927, 1940, 1966, 1981, 2005, 2039, 2079, 2135, 2158, 2208, 2238, 2248, 2268, 2269, 2386, 2430, 2437, 2481, 2495, 2511, 2526, 2543, 2574, 2591, 2592, 2600, 2621, 2623, 2627, 2634, 2635, 2636, 2642, 2649, 2650, 2657, 2659, 2662, 2666, 2668, 2670, 2671, 2672, 2674, 2683, 2685, 2688, 2689, 2699, 2705, 2708, 2718, 2723, 2724, 2752, 2757, 2760, 2771, 2792, 2803, 2808, 2809, 2818, 2820, 2822, 2842, 2859, 2863, 2874, 2875, 124320730023862, 4237, 4247, 4252, 4254, 4293, 5452, 5456, 5457, 5458, 5580, 5683, 5830, 5847, 5850, 5861, 5870, 5871, 5921, 5928, 5960, 6059, 6061, 6067, 6143, 6145, 6244, 6405, 6406, 6407, 6413, 6414, 6478, 6487, 6497, 6539, 6549, 124320780000050, 0067, पाली, मानड्यिा रोड, 115370700018950, 9221, 9384, 9638, 9799, 9847, 9909, 115370700020153, 0219, 0345, 0360, 0361, 0367, 0382, 0384, 0391, 0402, 0403, 0406, 0410, 0412, 0418, 0425, 0440, 0441, 0442, 0448, 0456, 0461, 0467, 0475, 0481, 0486, 0493, 0518, 0521, 115370730021272, 1532, 1622, 1626, 1627, 1628, 1629, 1667, 1668, 1674, 1686, 1688, 1690, 1691, 1692, 1706, 1724, 1725, 1732, 1733, 1734, 1738, 1740, 1741, 1752, 1756, 1759, 1763, 1771, 1775, 1781, 1784, 1787, सुमेरपुर, 135550700010238, 0579, 0602, 0630, 0864, 0880, 0953, 0988, 0999, 1003, 1011, 1016, 1018, 1019, 1032, 1035, 1036, 1043, 1053, 1057, 1062, 1066, 1067, 1072, 1086, 1091, 1096, 135550730017651, 8593, 8606, 8922, 8923, 8931, 8949, 8959, 8963, 8986, 8995, 8996, 9012, 9013, 9029, 9036, 9038, 9051, 9064, 9065, सूरजपोल पाली, 115410700023008, 3737, 3815, 4142, 4152, 4184, 4195, 4198, 4263, 4265, 4266, 4307, 4372, 4374, 4467, 4497, 4888, 4890, 4894, 4900, 4910, 4914, 4939, 4940, 4942, 4950, 4959, 4968, 4970, 4976, 4979, 4983, 4988, 4993, 4995, 5019, 5028, 5031, 5033, 5038, 5044, 5046, 5053, 5063, 5069, 5070, 5079, 5081, 5083, 5084, 5087, 5090, 5099, 5102, 5104, 5105, 5106, 5107, 5109, 5110, 5121, 5122, 5128, 5134, 5144, 5151, 115410730016225, 6352, 6617, 6634, 6635, 6636, 6705, 6706, 6736, 6744, 6806, 6915, 6929, 6965, 7083, 7158, 7163, 7168, 7175, 7176, 7178, 7179, 7180, 7181, 7201, 7216, 7236, 7240, 7241, 7254, 7267, 7270, 7279, 7290, 7291, 7294, 7295, 7297, 7323, 7340, 7341, 7355, 7356, 7369, 7373, 7374, सिरोही, आबू रोड, 138340700000784, 0845, 0888, 0889, 0890, 0894, 0909, 138340730009990, 138340730010287, 0339, बायपास रोड सिरोही, 138070700002375, 2399, 2961, 3127, 3130, 3131, 3147, 3148, 3153, 3155, 3159, 3170, 3177, 3181, 3187, 3190, 3191, 3192, 3195, 3196, 3206, 138070730003789, 4153, 4162, 4388, 4424, 4435, 4473, 4494, गौशाला रोड शिवगंज, 137980700002236, 2307, 2473, 2476, 2523, 2551, 2553, 2554, 2556, 2561, 137980730004710, 4747, 4750, 5069, 5088, 5101, 5116, 5139, 5165, सिरोही राजस्थान, 119970700019151, 9177, 9187, 9199, 9205, 9214, 9264, 9297, 9367, 9458, 9501, 9527, 9533, 9551, 9558, 9567, 9572, 9578, 9580, 9596, 9597, 9602, 9608, 9612, 9614, 9617, 9624, 9630, 9631, 9644, 9645, 9646, 9650, 9651, 119970730033358, 3463, 3545, 3579, 4112, 4253, 4262, 4279, 4305, 4306, 4308, 4316, 4331, 4345, 4350, 4352, 4368, 4380, 4382, 4383, 4405, 4440, 119970780000027, 0029,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रु.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 9072604049 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु